# 2021

( Held in 2022 )

## HINDI

( Major )

Paper : 3.1

**( आधुनिक हिन्दी काव्यधारा का इतिहास )**

( Non-CBCS )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल को एक अन्य कौन-सा नाम दिया है?

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के पिता कौन थे?

(ग) 'प्रेमघन' किस कवि का साहित्यिक उपनाम है?

(घ) द्विवेदी-युग का एक अन्य नाम क्या है?

(ङ) 'उद्धव-शतक' के रचयिता कौन हैं?

(च) कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की किसी एक काव्य-कृति का नाम बताइए।

(छ) बाबू जयशंकर प्रसाद का देहावसान किस ईस्वी को हुआ था?

(ज) कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' को उनकी किस काव्य-कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(झ) कविवर 'अज्ञेय' का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

(ञ) 'कल सुनना मुझे' काव्य-कृति के रचनाकार कौन हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'कविवचनसुधा' का प्रकाशन कब हुआ था? इसके सम्पादक कौन थे?

(ख) खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है? उस कृति का प्रकाशन कब हुआ था?

(ग) कौन-सी कवयित्री 'आधुनिक युग की मीरा' आख्या से जानी जाती हैं? उनकी किसी एक काव्य-कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) हालावादी काव्यधारा की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(ङ) 'प्रगतिशील लेखक संघ' की भारतीय शाखा का प्रथम अधिवेशन कहाँ और किनकी अध्यक्षता में हुआ था?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आधुनिक काल के संदर्भ में 'आधुनिक' और 'आधुनिकता' के आशय स्पष्ट कीजिए।





(ख) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में प्रतिफलित राष्ट्रीयता की भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन कविता को श्रीधर पाठक के योगदान पर चर्चा कीजिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा को कविवर सुमित्रानंदन पंत ने किस प्रकार समृद्ध किया है, बताइए।

(ङ) प्रगतिवादी कवि के रूप में केदारनाथ अग्रवाल की देन को रेखांकित कीजिए।

(च) नयी कविता की दो प्रमुख विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) आधुनिककालीन भारतीय नवजागरण पर संतुलित प्रकाश डालिए।

(ख) आधुनिककालीन काव्यधारा के उप-विभाजन पर चर्चा कीजिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर आलोकपात कीजिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा की कलापक्षीय उपलब्धियों पर विवेचन कीजिए।

(ङ) प्रयोगवादी काव्यधारा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(च) नयी कविता को डॉ० धर्मवीर भारती की देन का मूल्यांकन कीजिए।

(छ) साठोत्तरी कविता की मूलभूत विशेषताओं पर विचार कीजिए।

(ज) 'आज की हिन्दी कविता की दिशा एवं दशा' विषय पर एक लेख लिखिए।

★★★